INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Hindi 2nd Lang. Worksheet—4

Holiday Homework

Class- 6 Sec----- **Name ---------------** **Date 25 - 05-17**

1 दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

सन् 1920 में सरस्वती पाठशाला के तीसरे दरज़े में मेरा नाम लिखवाया गया था। तब वह सरकारी अथवा अर्द्ध सरकारी स्कूल था। एक दिन स्कूल में मेडल बँटे थे जो ताँबे या पीतल के बने थे। उनपर जार्ज पंचम की तस्वीर बनी थी। मैं मेडल लेकर घर आया तो बड़े भाई ने कोई प्रसन्नता प्रकट नहीं की।

जिन मास्टर साहब ने यह मेडल दिया था , वह पूरे अंग्रेज़ - भक्त थे। वह खूँखार मुद्रा में रहते थे। जिस दिन मेडल बाँटे थे, उस दिन ज़रूर मुसकराए थे। इसके कुछ दिन बाद ही सरस्वती पाठशाला बदलकर राष्ट्रीय सरस्वती पाठशाला हो गई।

एक दिन स्कूल के मैदान में विद्यार्थियों और शिक्षकों की सभा हुई और उसमें विदेशी कपड़े न पहनने की प्रतिज्ञा की गई। एक छोटी-सी होली जलाई गई। उसमें लोगों ने अपनी गोल टोपियाँ फेंककर जलाई। मैंने भी अपनी टोपी उतारकर उसमें फेंक दी। घर आने पर मैंने जो कुछ किया था , बता दिया। डाँट- डपट की नौबत न आई , चूँकि बड़े भाई का समर्थन प्राप्त था।

1 लेखक का नाम किस पाठशाला में लिखवाया गया और वह कैसी थी?

....

....

2 मेडल कैसे थे?

....

....

3 मास्टर जी का चरित्र कैसा था?

....

....

4 स्कूल में कैसी सभा हुई और उसमें क्या किया गया?

....

....

....

2 दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।

इच्छा	....	....
बंदर	....	....
नभ	....	....
हिमालय	....	....
पानी	....	....
दूध	....	....

3 दिए गए मुहावरों के वाक्य बनाइए।

शीश झुकाना— ....

....

आँखें बिछाना — ....

....

आसमान टूट पड़ना— ....

....

अपना ही राग अलापना...

....

पीठ दिखाना— ....

....

4 दिए गए विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

गरमी का मौसम

****